साँवरे तुमने ये कैसा जादू किया | by Sunny Hari

सांवरे तुमने कैसा ये जादू किया
हम तेरे हो गए एक मुलाकात में
अपना दीवाना मुझको बना ही लिया
ले लिया दिल मेरा बातों ही बात में
सांवरे तुमने कैसा ये जादू किया ....

सारे भक्तों की है भीड़ दरबार में
हाथ फैलाये हम श्याम के सामने
कह रहे हैं सभी आपके प्यार में
आओ आओ ज़रा ऐ मेरे सांवरा
सांवरे तुमने कैसा ये जादू किया ....

छवि निराली तेरी और गज़ब की अदा
इन अदाओं पे सारा जहाँ है फ़िदा
कितने आशिक़ हुए इस अदा पे तेरी
सब फ़िदा हो गए इस करिश्मात में
सांवरे तुमने कैसा ये जादू किया ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%81%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%88%e0%a4%b8%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a5%82/